Roll No.............................

Total No. of Questions–16] [Total No. of Printed Pages–16

**Term–1–335–XI–1121**

# HINDI

Time Allowed—3 Hours Maximum Marks—50

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में
ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए
गए हैं।

**विशेष निर्देश :**

(1) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।

(2) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िए।

(3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(4) सुलेख का विशेष ध्यान रखें।

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनिए : $5 \times 1 = 5$

यह धरती संकट में है! ....... लेकिन यह निर्जीव नहीं है। इसमें संवेदना है पूरी। इसलिए यह घायल भी हो सकती है। यह अक्षुण्ण नहीं है और अटूट नहीं है तो वह टूट भी सकती है। यह धरती अमर नहीं है, इसलिए मर भी सकती है। इस धरती का दुरुपयोग करोगे, इसे बिना सोचे समझे लूटते-खसोटते जाओगे, तो यह विद्रोह करेगी ही! और इसे विद्रोह करना ही चाहिए। यह अलग बात है कि धरती का विरोध करने का तरीका अलग होगा। यह मर कर विरोध करेगी।

(i) क्या निर्जीव नहीं है?

(क) स्त्री

(ख) धरती

(ग) संवेदना

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(ii) यह धरती अक्षुण्ण नहीं है, क्योंकि

(क) यह अमर है

(ख) यह अटूट नहीं है, तो टूट सकती है

(ग) यह टूट नहीं सकती है

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(iii) यह धरती मर भी सकती है, क्योंकि

(क) यह अमर नहीं है

(ख) यह जर्जर अवस्था में है

(ग) यह मर रही है

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(iv) यह धरती विद्रोह करेगी ही, जब

(क) इसका दुरुपयोग होगा

(ख) इसे बिना सोचे समझे लूटा-खसोटा जाएगा

(ग) दोनों (क) और (ख) सही हैं

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(v) उचित शीर्षक है :

(क) धरती घायल है

(ख) धरती विरोध करेगी

(ग) धरती संकट में है

(घ) धरती अक्षुण्ण नहीं है।

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: 4×1=4

चुप्पियाँ बढ़ती जा रही हैं

उन सारी जगहों पर

जहाँ बोलना जरूरी था

बढ़ती जा रही हैं वे
जैसे बढ़ते हैं बाल
जैसे बढ़ते हैं नाखून
और आश्चर्य कि किसी को वह गड़ता नहीं।

(i) चुप्पियाँ कहाँ-कहाँ बढ़ती जा रही हैं?

(क) कहीं-कहीं

(ख) उन जगहों पर जहाँ बोलना जरूरी था

(ग) दोनों (क) और (ख) सही हैं

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(ii) कवि के अनुसार चुप्पियाँ किस तरह बढ़ रही हैं?

(क) चुपचाप बढ़ रही है

(ख) जैसे बाल और नाखून बढ़ते हैं

(ग) दोनों (क) और (ख) सही हैं

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(iii) यहाँ पद्यांश में आश्चर्य किसको हो रहा है?

(क) आम आदमी को

(ख) चुप्पे आदमी को

(ग) कवि को

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(iv) उचित शीर्षक है :

(क) जगहें

(ख) बाल और नाखून

(ग) चुप्पियाँ

(घ) बोलना जरूरी था।

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए: 3

(क) राष्ट्रभाषा हिन्दी

(ख) प्रदूषण की समस्या और समाधान

(ग) भ्रष्टाचार।

4. अपने छोटे भाई को बुरी संगति के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**

समाचार पत्र के संपादक को अपने क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की वारदातों पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्र लिखिए। 3

5. (i) जनसंचार से क्या अभिप्राय है :

(क) दो व्यक्तियों के बीच की वार्तालाप

(ख) प्रत्यक्ष संवाद की अपेक्षा तकनीक या यांत्रिक माध्यम के द्वारा समाज के विशाल वर्ग से संवाद कायम करने का प्रयास

(ग) दोनों (क) और (ख) सही हैं

(घ) उपरोक्त में से कोई सही नहीं है।

(ii) निम्न में से समाचार के संबंध में सही क्या है?

(क) प्रेरक और उत्तेजित कर देने वाली हर सूचना समाचार है

(ख) समय पर दी जाने वाली हर सूचना समाचार का रूप ले लेती है

(ग) किसी घटना की रिपोर्ट ही समाचार है

(घ) उपरोक्त सभी।

(iii) किसी भी घटना, विचार और समस्या को समाचार बनाने में किस तत्व का योगदान होता है?

(क) नवीनता का

(ख) जनरुचि का

(ग) टकराव या संघर्ष का

(घ) उपरोक्त सभी का। 3

6. संचार की परिभाषा बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

स्ववृत्त लेखन किसे कहते हैं? 3

7. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3

अरे इन दोहन राह न पाई

हिन्दु अपनी करै बड़ाई, गागर छुवन न देई

बेस्या के पायन-तर सोवै, यह देखो हिंदुआई

मुसलमान के पीर औलिया मुर्गा मुर्गी खाई

खाला केरि बेटी ब्याहै घरहिं में करै सगाई

बाहर से मुर्दा लाए धोए धाय चढ़वाई

सब सखियाँ मिली जेवन बैठी घर भर करै बड़ाई

हिंदुन की हिंदुआई देखई, तुरकन की तुरकाई

कहैं कबीर सुन भाई साधौ, कौन राह ह्वै जाई।

**अथवा**

मुरली तऊ गुपालहिं भावति

सुनि री सखी जदपि नंदलालहिं, नाना भाँति नचावति

राखति एक पाई ठाढ़ौ करि, अति अधिकार जनावति

कोमल तन आज्ञा करवावति, कटि टेढ़ौ ह्वै आवति

अति अधीन सुजान कनौड़े, गिरिधर नार नवावति

आपुन पौढ़ी अधर सज्जा पर, कर पल्लव पलुटावति

भृकुटि कुटिल, नैन-नासापुट, हम पर कोप करवावति

सूर प्रसन्न जानि एकौ छिन, धर तैं सीस डुलावति।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×2=4

(क) 'बालम आवौ हमारे गेह रे' में कवि किसका आह्वान कर रहा है और क्यों?

(ख) कृष्ण ने नंदबाबा की दुहाई देकर दांव क्यों दिया?

(ग) 'मोम के बंधन' और 'तितलियों के पर' का प्रयोग कवयित्री ने किस संदर्भ में किया है और क्यों?

9. महादेवी वर्मा के जीवन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए: 1,1

(i) महादेवी वर्मा को 1982 ई. में किस काव्य कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(क) रश्मि

(ख) नीहार

(ग) यामा

(घ) सांध्यगीत।

(ii) महादेवी वर्मा का संबंध किस काव्य आंदोलन से रहा है?

(क) प्रयोगवाद से

(ख) प्रगतिवाद से

(ग) छायावाद से

(घ) उपरोक्त में से किसी से भी नहीं।

10. महादेवी वर्मा ने आँसू के लिए 'उजले' विशेषण का प्रयोग किस संदर्भ में किया है और क्यों? 2

11. काव्य सौन्दर्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए: 3

अन्न न भावै नींद न आवै, गृह-वन धरै न धीर रे

कामिन को है बालम प्यारा, ज्यों प्यासे को नीर रे

है कोई ऐसा पर-उपकारी, पिवसों कहे सुनाय रे

अब तो बेहाल कबीर भयो है, बिन देखे जिव जाय रे।

(i) इस पद में शृंगार का कौन सा रूप दिखाई पड़ता है?

(क) संयोग

(ख) वियोग

(ग) उपरोक्त दोनों ही

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(ii) इस पद की भाषा कौनसी है?

(क) सधुक्कड़ी

(ख) ब्रज

(ग) अवधी

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(iii) उपरोक्त पद्यांश के रचियता कौन हैं?

(क) सूरदास

(ख) तुलसीदास

(ग) कबीर

(घ) प्रद्माकर।

12. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कितना विवेक है। दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देखकर इसका मन कितना ललचाया होगा? इतना जब्त इससे हुआ कैसे? वहाँ भी इसे अपनी बुढ़िया दादी की याद बनी रही। अमीना का मन गदगद हो गया।

और अब एक बड़ी विचित्र बात हुई। हामिद के इस चिमटे से भी विचित्र। बच्चे हामिद ने बूढ़े हामिद का पार्ट खेला था। बुढ़िया अमीना बालिका अमीना बन गई।

वह रोने लगी। दामन फैलाकर हामिद को दुआएँ देती जाती थी और आँसू की बड़ी बड़ी बूँदें गिराती जाती थी। हामिद इसका रहस्य क्या समझता?

**अथवा**

करुणा ने सबको घेर लिया। वह बोलने की कितनी जबर्दस्त कोशिश करता है। लेकिन नतीजा कुछ नहीं, केवल कर्कश काँय-काँय का ढेर। अस्फुट ध्वनियों का वमन, जैसे आदिम मानव अभी भाषा बनाने में जी-जान से लड़ रहा हो। 3

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए: 2×2=4

(क) हामिद ने चिमटे की उपयोगिता सिद्ध करते हुए क्या-क्या तर्क दिया?

(ख) 'दोपहर का भोजन' शीर्षक किन दृष्टियों से पूर्णतया सार्थक है?

(ग) भीतर के अंधेरे को दूर करने की टार्च बेचने और 'सूरजछाप' टार्च बेचने के धंधे में क्या फर्क है? पाठ के आधार पर बताइए।

(घ) गूँगे ने अपने स्वाभिमानी होने का परिचय किस प्रकार दिया?

14. हरिशंकर परसाई के जीवन पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3

(क) हरिशंकर परसाई जी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(ख) किस पुस्तक के लिए हरिशंकर परसाई जी को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

(ग) हरिशंकर परसाई ने जबलपुर से किस साहित्यिक पत्रिका का संपादन किया था?

(घ) 'पूछिए परसाई से' स्तम्भ कौन से समाचार पत्र में प्रकाशित होता था?

15. किसी **एक** लेखक की साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए: 2

(क) अमरकांत



(ख) रांगेय राघव

(ग) सुधा अरोड़ा।

16. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए: 3

(क) राधा के चरित्र की ऐसी कौन सी विशेषताएँ हैं, जिन्हें आप अपनाना चाहेंगे?

(ख) एकांकी में अम्मा की जो तस्वीर उभरती है, अंत में वह बिल्कुल बदल जाती है। टिप्पणी कीजिए।